हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 6 जनवरी 2024

04 मामूली सी बात पर चार युवकों ने की थी सुरक्षाकर्मी...



05 सामुदायिक स्वच्छता परिसरों में पड़े रहते हैं ...





### जिला अस्पताल की जनरल ओपीडी में पांच दिन में पहुंचे 2603 मरीज

# बादलों में गुम हुआ सूरज, शीतलहर के आगोश में जिला, 3 दिन ऐसा ही मौसम

कोहरे की धुंध जारी होने के साथ ही मावठे की बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। अभी 9 जनवरी तक ऐसा ही मौसम बने रहने के आसार बने है। मौसम की मार के कारण पिछले पांच दिनों में जिला अस्पताल में 2603 मरीज अपना इलाज करवाने पहुंचे है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं व बारिश के कारण शुक्रवार को भी धूप नहीं निकल सकी, दिनभर कोहरा बादल छाए रहे, जिसकी वजह से दूसरे दिन भी मौसम लोगों के मुताबिक नहीं रहा। तापमान में गिरावट के कारण लोग सर्दी से कांप गए। पिछले दो दिनों से मौसम में परिवर्तन होने के साथ ही जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी हो गई है। इनमें सबसे ज्यादा मरीज सर्दी-खांसी और बुखार के पहुंच रहे है। 1 जनवरी से 5 जनवरी तक जिला अस्पताल की जनरल ओपीडी में 1113 मरीज पहुंचे है जिसमें अधिकांश में सर्दी-खांसी और बुखार के लक्षण है। वहीं पांच दिनों की कुल आपीडी पर नजर डाले तो कुल 2603 मरीज अस्पताल पहुंचे है। जिसमें पुरूष 985 और महिलाएं 1051 शामिल हैं।

### बच्चा वार्ड में बीमारों की संख्या बढ़ी, टंड से बचने की सलाह

जिला अस्पताल की बालचिकित्सा विभाग की एसएनसीयू,पीआईसी और पीडियाट्रिक यूनिट में पिछले पांच दिनों में 349 बच्चों का इलाज हुआ है जिन्हें सर्दी-खांसी, बुखार के लक्षणों के अलावा उल्टी,दस्त की शिकायत है। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ भास्कर गुप्ता ने बताया कि वर्तमान मौसम बच्चों के अनुकूल नहीं है ऐसे में बच्चों को ठंड से बचाएं व बाहर निकलने से पहले अच्छी तरह गर्म कपड़े पहनाएं। तेज सर्दी-खांसी और बुखार के लक्षण होने पर चिकित्सक की सलाह ले।

### बादल रहे तो चने में इल्ली लगने की संभावना

मौसम में हुए परिवर्तन और मावठे की बारिश ने गेहूं की फसल को फायदा पहुंचाया है वहीं लगातार घना कोहरा और बादल रहने के कारण चने की फसल को नुकसान होने की संभावना है। कृषि उपसंचालक जे आर हेडाऊ ने बताया कि यह बारिश गेहूं की फसल के लिए फायदेमंद है और अगर लंबे समय तक बादल रहे तो चने की इल्ली लगने की संभावना बन सकती है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक वीरेन्द्र यादव ने बताया कि वर्तमान हालात और पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 9 जनवरी तक ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना है। शुक्रवार को हवा की रफ्तार 8 से 10 किमी प्रति घंटे रही।

### 24 घंटे में दर्ज हुई 1 इंच बारिश



मावठा, घना कोहरा और सर्द हवाओं के कारण जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पिछले 24 घंटे के दौरान जिले में 24.1 मिमी बारिश दर्ज हुई है जिसमें गुरूवार की शाम से शुक्रवार की सुबह तक 15.5 मिमी और शुक्रवार सुबह से शाम 5.30 बजे तक 8.6 मिमी पानी बरसा। बारिश के कारण अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट आई है और पारा 19.6 डिसे व न्यूतम पारा 15.7 डिसे दर्ज किया गया। इसी प्रकार हिल स्टेशन पचमढ़ी 4.2 मिमी बारिश दर्ज हुई। वहीं अधिकतम तापमान 22.6 डिसे और न्यूनतम तापमान 11.4 डिसे दर्ज किया गया। वहीं डिप्टी कलेक्टर फरहीन खान, सीएमओ नवनीत पाण्डें द्वारा नगर के रेनबसेरा और महत्वपूर्ण स्थानों के अलाव की व्यवस्था देखी।

# मरीजों को मिलने वाले भोजन की कलेक्टर ने चखकर जांची गुणवत्ता

### मरीज की बेडशीट निर्धारित अंतराल में बदले जाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नवागत कलेक्टर सोनिया मीना ने शुक्रवार को जिला अस्पताल पहुंचकर यहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने एक के बाद एक जिला अस्पताल के सभी वार्डो का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक संसाधनों और चिकित्सकों को उपलब्धता देखी। इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय के भोजनशाला का भी निरीक्षण कर मरीजों के लिए बनाए जाने वाले भोजन को चखकर उसकी गुणवत्ता देखी। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया कि मरीजों को निरंतर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदाय किया जाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मरीजों से भी चर्चा कर पूछा कि उन्हें किसी प्रकार की कोई दिक्कत तो नहीं आ रही। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में मरीजों से जानकारी ली, जिस पर मरीजों द्वारा बताया गया कि उन्हें अस्पताल में अच्छी सुविधाएं प्राप्त हो रही है। उन्होंने जिला अस्पताल में हेल्थ डेस्क का भी सुचारू रूप से संचालन करने के निर्देश दिए। ताकि मरीजों को आवश्यक जानकारी और सेवाएं प्राप्त करने में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। उन्होंने कहा कि हेल्प डेस्क में व्यवस्थित रजिस्टर भी मेंटेन किया जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिला अस्पताल में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। मरीज की बेडशीट निर्धारित अंतरालों में बदले जाएं। जिला अस्पताल के मरम्मत का कार्य भी निर्धारित ठेकेदार के माध्यम से समय पर पूर्ण किया जाएं। चिकित्सक एवं स्टाफ अपने निर्धारित ड्यूटी रोस्टर के अनुसार चिकित्सालय में उपस्थित रहें। जिला अस्पताल समय-समय पर फायर ऑडिट भी कराया जाए। उन्होंने ब्लड बैंक का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने एनीमिया, थेलसिमिया एवं अन्य गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को रक्त की उपलब्धता के संबंध में जानकारी लिए एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा जिला अस्पताल में व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। कलेक्टर द्वारा जिला अस्पताल में ओपीडी, हेल्पडेस्क, एसएनसीयू, आयुष्मान कक्ष, पीआईसीयू, ऑपरेशन कक्ष, एनआरसी, ब्लड बैंक, बच्चा वार्ड , महिला वार्ड, मेल वार्ड , पैथोलॉजी इत्यादि सभी वार्डो का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश दहलवार डॉक्टर राजेश महेश्वरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

### कल होगा युवा कवियों के सम्मान समारोह का आयोजन

**नर्मदापुरम।** नर्मदा आव्हान सेवा समिति नर्मदापुरम एवं सोमदेवा साहित्यिक संस्थान शहडोल के संयुक्त तत्वावधान मे स्वामी विवेकानंद जंयती के उपलब्ध मे युवा महोत्सव के अंतर्गत मे 7 जनवरी को मानस भवन में युवा कवियों का सम्मान समारोह एंव अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा हैं। देश के विभिन्न अंचलों के युवा कवि अपनी प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर नलिनी तिवारी व्दारा प्रकाशित पुस्तक शहडोल स्वर का विमोचन किया जायेगा। समिति के हंस राय ने बताया की उपरोक्त कार्यक्रम मुख्यातिथि अंतरराष्ट्रीय कवि प्रो.ओमपाल सिंह निडर फिरोजाबाद, अध्यक्षता आनंद राय सिन्हा उपायुक्त जनजातीय विभाग एवं धनश्याम जायसवाल अध्यक्ष नपा,शालिनी सरावगी अध्यक्ष नप बुढार, डॉ.एके श्रीवास्तव समाजसेवी की विशिष्ट अतिथि में होगा। केप्टिन करैया ने बताया की युवा कवियों में भोले नेमा चंचल हर्रई, पवन सराठे प्रबल इटारसी, कृष्णकांत मूंदड़ा विदिशा, नर्मदा प्रसाद हरियले नर्मदापुरम, अवधेश पाठक रहली, डॉ. लीना सिंह सागर,प्रियंका गुप्ता खरसिया, रंजना गौतम उमरिया की काव्य प्रस्तुति होगी। इस दौरान युवा कवियों को युवा शब्द साधक सम्मान एंव स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया जायेगा।

# पीएचसी सेमरीहरचंद नेशनल क्वालिटी एंश्योरेंस सर्टिफिकेट



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत सरकार की टीम द्वारा सेमरीहरचंद पीएससी की जांच की गई थी, जिसमें पीएससी खरी उतरी और नेशलन क्वालिटी इंश्योरेंस स्टैंडर्ड अवार्ड से सम्मानित हुई। सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार ने बताया कि नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टेंडर्ड प्रोग्राम के तहत 24 एवं 25 अगस्त 2023 को यहां असेसमेंट किया था। असेसमेंट को 6 विभागों में वर्गीकृत किया गया था। इसमें ओपीडी, आईपीडी, लेबर रूम, लैब, हेल्थ प्रोग्राम, जनरल एडमिनिस्ट्रेशन आदि शामिल थे। वहीं पीएचसी इंचार्ज डॉ संदीप ओढ़ ने बताया कि इस अवार्ड को हासिल करने के लिये पूरे स्टाफ ने दिन-रात मेहनत की है। विशेषरूप से जिला क्वॉलिटी मॉनिटर, डॉ आलिया खान, डॉ जीआर करोड़े, डॉ मिलन सोनी और जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ रमेश वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस उपलब्धि के बाद पीएचसी पर सुविधाएं बढ़ेंगी, जिसका सीधा लाभ ग्रामीण क्षेत्र की जनता को मिलेगा। इस उपलब्धि में पीएचसी सेमरी हरचंद के स्टॉफ डॉ सुनील यादव, नर्सिंग ऑफिसर आशीष विश्वकर्मा, वैशाली नागले, सुनीता मेहरा, माधुरी भारद्वाज, रीना मौर्य, सरिता शर्मा लैब टैक्नीशियन, आरएस कुशवाह, सुपरवाइजर राम खिलावन पटेल, सकुन व हाउस कीपिंग स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# मानवाधिकार सुरक्षा संगठन ने किया कलेक्टर का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नवागत कलेक्टर सोनिया मीना का शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन नर्मदापुरम के पदाधिकारियों तथा सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन अध्यक्ष महिला स्मिता तोमर, जिला महामंत्री संगीता चौकसे, जिला महासचिव शैल चौहान, सदस्य पूनम सांगिया, ज्योती चौकसे, मोहिनी गुप्ता, पुरुष टीम जिला अध्यक्ष हरिओम कीर, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक दुबे, जिला महामंत्री अजय शर्मा सहित पुरुष सदस्य कैलाश कन्नोजिया, महेश बाथरे,नीतीश परिता उपस्थित रहे तथा कलेक्टर द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# नर्मदापुरम में संकल्प यात्रा के दौरान 1874 लोगों को लाभांवित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम





विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे दिन शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी तथा लाभ प्रदान किया गया। सुबह 10.30 बजे विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में विकसित भारत संकल्प यात्रावार्ड क्रमांक 15, हरियाली चौराहा के पास आगमन हुआ, जिसमें यात्रा में पधारे मुख्य अतिथि, एवं गणमान्य अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों का स्वागत सत्कार हुआ एवं भव्य कलश यात्रा का कार्यक्रम स्थल की ओर प्रस्थान हुआ। इस दौरान कुल 2132 व्यक्ति उपस्थित रहे जिनमें से कुल 1874 लोगों को लाभान्वित किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित एवं कन्या पूजन कर हुआ। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं गतिविधियों से अवगत कराया गया तथा प्रधानमंत्री का संदेश वाचन एवं संकल्प वीडियो विकसित भारत की एवं फिल्म का प्रदर्षन, सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ एवं शासकीय स्कूल द्वारा नृत्य एवं आदिवासी समुदाय के बालक-बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुती दी गई। मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत स्व. सहायता समूह, पीएमस्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना के हितग्राहियों द्वारा प्राप्त योजनाओं के संबंध में अनुभव साझा करने हेतु मंच पर भाषण हुए तथा सम्मान समारोह एवं क्वीज प्रतियोगिता एवं समस्त योजनाओं के हितग्राहीयों को मुख्य अतिथि द्वारा लाभ वितरण किए जाने एवं कार्यक्रम में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति तथा वक्तव्य हेतु आभार व्यक्त किया गया । कार्यक्रम के समापन उपरांत विकसित भारत संकल्प यात्रा वेन एसपीएम गेट नं 4 कार्यक्रम स्थल की ओर प्रस्थान हुआ। इसी तरह दोपहर 2.30 बजे विकसित भारत संकल्प यात्रा वेन एसपीएम गेट नं 4 कार्यक्रम स्थल पर पहुॅचने के बाद भव्य कलष यात्रा निकाली जाकर मुख्य अतिथि डॉ. सीतासरन शर्मा द्वारा दीप प्रज्जवलित एवं कन्या पूजन कर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित की। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष भाजपा सागर शिवहरे, जिला उपाध्यक्ष भाजपा राजेश तिवारी, जिला महामंत्री भाजपा मुकेश मैना, नगर महामंत्री भाजपा पूनम मेषकर आदि मौजूद रहे।

# 67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रिकेट स्पर्धा में जयजीत का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



वनस्थली हायर सेकेंड्री स्कूल के छात्र जयजीत का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता में होने पर उन्हें बधाई देने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। दरअसल जयजीत ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग के खिलाफ 12 ओवर के मैच में 32 रन की शानदार पारी खेली पारी में 5 चौके और 1 छक्के की मदद से 32 रन बनाए जयजीत ने सागर संभाग के खिलाफ 15 ओवर के मैच में 32 गेंदो पर 57 रन 6 चौको और 3 छक्के की मदद से शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। जनजातीय मप्र के खिलाफ भी जयजीत नें 12 ओवर के मैच में 32 रन बनाए। जबरदस्त प्रर्दशन करते हुए कप्तान जयजीत ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में 7 विकेट भी लिए इस हरफनमौला प्रर्दशन के चलते उनका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हुआ। वनस्थली हायर सेकेंड्री स्कूल के छात्र जयजीत ने पहले भी राष्ट्रीय किक्रेट प्रतियोगिता चंडीगढ और हैदराबाद में नर्मदापुरम का नाम रोशन किया है नेपाल के पोखरा अंतरराष्ट्रीय मैदान रंगशाला में आयोजित इंटरनेशनल किक्रेट टूर्नामेंट केपीएल के सेमीफाइनल में मेन ऑफ द मैच रहे और नर्मदापुरम को गौरवान्वित किया है। जयजीत एक अच्छे किक्रेटर है। शाला छात्र की सफलता पर गौरवान्वित है। पूरा वनस्थली शाला परिवार छात्र की सफलता पर उन्हें बधाई देता है व उनके उज्वल भविष्य की कामना करता है। जयजीत मध्यस्थता जज उपभोक्ता फोरम आयोग अंजली मिश्रा व समाजसेवी एडव्होकेट अमित गुप्ता के सुपुत्र हैं वे एक उभरते हुए किक्रेटर व प्रतिभावान छात्र हैं।

### कलेक्टोरेट में किया गया राजस्व अधिकारियों की बैठक का आयोजन, कलेक्टर मीना ने दिए दिशा-निर्देश

# अधिकारी मैदानी स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्थाएं मजबूत रखें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राजस्व अधिकारी प्रशासन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार अपने क्षेत्र में पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी से काम करें। विभागीय कार्यों के साथ उपार्जन, योजनाओं के क्रियान्वयन ,सिंचाई ,कानून व्यवस्था आदि अन्य विभागों के कार्यों की भी सतत मॉनिटरिंग करें। फील्ड पर रहकर कार्यों की निगरानी करें। यह निर्देश कलेक्टर सोनिया मीना ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि आवश्यकता अनुसार अपने न्यायालय दिवसों की संख्या बढ़ाकर लंबित प्रकरणों का निराकरण कराएं। उन्होंने कोर्ट का सुचारू रूप से संचालन करने के निर्देश सभी एसडीएम ,तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को दिए। 1 वर्ष से अधिक के प्रकरणों के निराकरण में भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियान के रूप में 15 दिवस में सीमांकन के लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश सभी तहसीलदारों को दिए। कलेक्टर ने स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन की भी विस्तार से समीक्षा कर अभियान चलाकर अगले 15 दिनों में शेष ग्रामों की ग्राउंड टूथिंग में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि पटवारी की ड्यूटी



लगाकर व्यवस्थित ग्राउंड टुथिंग और नक्शा जमा कराने की कार्यवाही करें। स्वामित्व योजना अंतर्गत कार्ययोजना बनाकर ग्राउंड टूथिंग से लेकर अंतिम प्रकाशन तक सभी कार्यवाही समयसीमा में की जाएं।

### तकनीकी समस्या के कारण प्रकरण लंबित न रखें

मुख्यमंत्री नगरीय भू आवासीय अधिकार योजना के प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा कर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी एसडीएम अपने क्षेत्र में तहसीलदार और सीएमओ के साथ बैठक कर प्रकरणों का निराकरण कराएं। उन्होंने तकनीकी समस्या के संबंध में ई गवर्नेंस मैनेजर और एसएलआर से संपर्क कर प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि तकनीकी समस्या के कारण प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रहें। कलेक्टर ने पीएम किसान सम्मान निधि के हितग्राहियों की ई केवाईसी और एनपीसीआई कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व वसूली में भी तेजी लाने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए। उन्होंने उच्च न्यायालय के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर न्यायालय के प्रकरणों का उच्च प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि अवमानना के प्रकरणों का पूरी गंभीरता से निराकरण कराएं।

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक समाधान कराएं

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की गंभीरता से समीक्षा कर कलेक्टर सुश्री मीना ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन जनशिकायतों के निराकरण का महत्वपूर्ण माध्यम है। शिकायतकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर उनकी समस्याओं का संतुष्टि के साथ समाधान कराएं। 50 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों के निराकरण में भी विशेष ध्यान दें। इसी प्रकार लोकसेवा गारंटी एवं जनसुनवाई में आए आवेदनों का भी निराकरण कराएं। आमजनों को अपनी समस्याओं के लिए दूर दराज से जनसुनवाई में ना आना पड़ें। मैदानी स्तर पर ही वाजिब समस्याओं का समाधान किया जाएं। उन्होंने लंबित ऑडिट कंडिकाओं और वन ग्रामों से राजस्व ग्राम हुए ग्रामों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। फोटो निर्वाचक नामावली 2024 की प्रारंभिक गतिविधियां शुरू हो गई है। 6 जनवरी को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा।

### थानों की सीमाओं के निर्धारण के संबंध में प्राप्त सुझाव शीघ्र भेजें

कलेक्टर मीना ने जिले के अंदर थानों की सीमाओं के निर्धारण के संबंध में सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस और स्थानीय जनप्रतिनिधि साथ बैठक कर इस संबंध में सुझाव आमंत्रित कर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में राजस्व प्रकरणों की निराकरण के लिए जिन क्षेत्रों में पटवारी की कमी है वहां अतिरिक्त पटवारी नियुक्त करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया की फील्ड पर बेहतर काम करें अगले 15 दिनों में सभी बिंदुओं पर प्रगति लाए। बैठक में अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित सभी एसडीएम तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

# आज 10 बजे से 2 बजे तक विद्युत प्रवाह रहेगा बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बेमौसम बारिश के दौरान आई समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए शुक्रवार को आधे शहर की बिजली सफ्लाई बंद रख मेंटेनेंश किया जाएगा। प्रबंधक (शहर) जोन 1 मप्र मक्षेविवि कं.लि नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि 11 के वी लाइन एवं उपकेन्द्र का रखरखाव कार्य 6 जनवरी 2024 को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक किया जाना है जिसके कारण विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह बाधित रहेगी।

मेंटेनेंस के दौरान मंगलवारा फीडर अंतर्गत जुमराती, काली मंदिर, राजा मोहल्ला, बीटीआई, भीलपुरा, बसंत टाकीज, कोरी मोहल्ला, गुरुकुल एवं अन्य संबंधित क्षेत्र में विद्युत प्रवाह बाधित रहेगी। यह बिजली सुबह 10 बजे से 2 बजे तक बंद रहेगी। इस दौरान पेड़ों की डालियों की कटाई के साथ अन्य मैंटेनेंस किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### दृष्टिबाधित शिक्षक हुए सम्मानित



**बैतूल।** जेएच कॉलेज में लुई ब्रेल जयंती दिव्यांग जन प्रकोष्ठ का संगोष्ठि संपन्न हुई। कार्यक्रम प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस मौके पर विगत 26 वर्षों से पाढर ब्लाइंड स्कूल के ब्रेल शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहें हैं उनको स्मृति चिन्ह, शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपनी ओर डॉ.अल्का पांडे द्वारा दिव्यांगजन प्रकोष्ठ को २१ हजार रूपए नगद भेंट किए। कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक न्याय विभाग की उपसंचालक रश्मि शर्मा ने दिव्यांगजनों के लिए चल रही शासन की योजनाओं को विस्तार से समझाया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ.रामकुमार गौतम, डॉ.अल्का पांडे, प्रो.नेहा पाटनकर सहित दृष्टिबाधित युवा मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रो.मनेष मानकर और आधार डॉ.धमेन्द्र कुमार ने व्यक्त किया।

### गीत-गजलों की सजी महफिल

**बैतूल।** संचालक ओम प्रधान एवं आयोजक सचिन पाटिल के द्वारा बैतूल में ख्याति प्राप्त कलाकारों के साथ जन्मदिवस एवं नववर्ष के आगमन पर बैतूल में प्रथम बार गीत-गज़लो की एक बेहद खूबसूरत महफिल सजाई गई। जिसमे गज़ल गायक रेडियो एवं आकाशवाणी कलाकार अरविंद्र टांक की गज़लो की खूबसूरत प्रस्तुति ने लोगो वाह वाह कहने को मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान होश वालों को खबर क्या, रंजिशें ही सही, चुपके-चुपके रात दिन आदि एक से एक गज़ल का गायन किया गया। जिस पर संगीत रसिकों को बहुत वाही वाही मिली। जिनके साथ तबले रविन्द्र टांक सागर, सिंथेसाइजर पर अमित सूर्यवंशी खैरागढ़, नवीन घावरी भोपाल, ने संगत की कार्यक्रम में बैतूल के प्रसिद्ध व कुमार विद्यालय संचालक गायक पुरुषोत्तम वर्मा, प्रसिद्ध गायक व अनहद म्यूजिक कॉलेज संचालक बैतूल दिलीप रावत जूही रावत, मशहूर तबला वादक दिनेश खांडेकर, आक्टोपेड पर रवि तायवाड़े ने प्रस्तुति दी। गज़लो की शाम में स्थानीय कलाकार जितेन्द्र नामदेव, दिलीप तेकाम, छिंदवाड़ा से बलराम विश्वकर्मा, अभिषेक साउंड एंड कैबिनेट छिंदवाड़ा दीपक विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

### एक लाख ईनामी प्रतियोगिता में आज होगा फाइनल मुकाबला

**आमला।** नगर के रेलवे स्टेडियम में आमला प्रीमियर लीग समिति के तत्वावधान में चल रही 1 लाख ईनामी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जय भोले सब्जी भंडार बैतूल और जय क्लब आमला के बीच खेला जाएगा। समिति के संरक्षक चंदन सिंह मानू ने बताया जाता हैं कि दोनों टीमों में खेलने वाले खिलाड़ी टेनिस बाल के दिग्गज बल्लेबाज और गेंदबाज है जो कि अन्य राज्य के खिलाड़ी भी इस टीम में शामिल हैं। शुक्रवार को हुए रेड रोज सारणी और जय भोले क्लब के बीच पहला क्वाटर फाइनल खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए सब्जी भण्डार ने रेड रोज के सामने 8 ओवरों में 124 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमे जीसान खान ने 31 रन ,मकबूल ने 32 रन बनाएं। इस लक्ष्य को हासिल करने उतरी रेड रोज सारणी इस कड़े मुकाबले में 12 रनों से पराजित होकर इस प्रतियोगिता से बाहर हो गई और सेमी फाइनल में जय भोले सब्जी क्लब ने जगह बनाई जिसमे मेंन आफ द मैच मकबूल को दिया गया जो कि भोपाल के मशहूर खिलाड़ी माने जाते हैं। दूसरा क्वाटर फाइनल रेड डायमंड बैतुल और मालेगांव क्लब के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए रेड डायमंड ने निर्धारित 6 ओवर में मात्र 26 रनों के स्कोर खड़ा किया जिसके बाद दूसरी बल्लेबाजी करते हुए मालेगांव ने 2 ओवर में यह लक्ष्य हासिल कर सेमीफाइनल मुकाबले में जगह बनाई।

---

### 24 घंटे में हत्या के मामले का सारनी पुलिस ने किया खुलासा

# मामूली सी बात पर चार युवकों ने की थी सुरक्षाकर्मी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा के सुरक्षाकर्मी को निष्ठा और ईमानदारी के साथ काम करने का इनाम उसे अपनी जीवन लीला से हाथ धोकर करना पड़ा है। कोई इतना निर्दय और निष्ठुर हो सकता है, कि यहां गदर मत करो यहां से हटो सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी मेरी जिम्मेदारी है।

इतनी सी बात पर सुरेश पिता काशीनाथ वामनकर, इसका छोटा भाई शुभम पिता काशीनाथ वामनकर,इसका दोस्त रितिक पिता नंदकिशोर इवने, रवि पिता टके सिंग धुर्वे ने मिलकर डब्लूसीएल के सुरक्षाकर्मी के साथ पहले तो जमकर लात घुसे की बरसात की और जब इससे भी उनका मन नहीं भरा तो इन चारों आरोपियों ने कोयले से भरे ट्रक में से चक्का खोलने वाले टामी पाने को निकालकर और उनके टॉर्च से सुरक्षा प्रहरी चंदू उर्फ चंदन मोदी के सर पर,सीने पर ताबड़तोड़ वार करने का काम किया जिसकी वजह से सुरक्षाकर्मी की पसली,हाथ,कंधे का पर गंभीर चोट लगने के बाद भी लगभग 150 मीटर दूरी तक इस सुरक्षा कर्मि को सुरेश बामनकर,शुभम बामनकर,रितिक इवने,रवि ध्रुवे इन चारों नर पिच्सो के माध्यम से शराब के नशे में धुत होकर सतपुड़ा टोल काटे के जंगल में घसीट कर ले जाकर दो-तीन स्थानों पर मारपीट की और अंतिम दौर में सुरक्षा प्रहरी चंदू उर्फ चंदन मोदी का वस्त्र उतार कर उसे समीप के नाले में डूबा कर उसकी हत्या कर दी। और अलग-अलग स्थान पर भाग खड़े हुए घटना की जानकारी पुलिस को लगने के बाद ही वह हरकत में आई और उन्होंने 24 घंटे के भीतर इस अंधे कत्ल की गुथी को सुलझाने का काम किया है।



### रितिक इवने के मोबाइल की फोटो ने खोला हत्या का राज

एक जनवरी से लेकर 3 जनवरी तक चालक परिचालकों का केंद्र सरकार के माध्यम से जारी किए गए कानून के विरोध में धरना प्रदर्शन और विरोध का कार्य चल रहा था इसी बीच 2 जनवरी को दोपहर 12 बजे से लेकर देर शाम तक वेकोलि के सतपुड़ा तोल कांटे के समक्ष कई अलग-अलग लोगों के माध्यम से चिकन-मटन दारू पार्टी का दौर चल रहा था वेकोलि के सुरक्षा प्रहरी चंदू उर्फ चदन की ड्यूटी रात 10 बजे से शुरू हुई थी जबकि रितिक के मोबाइल में रात 11:19 पर ट्रक के अंदर मस्ती करते हुए एक फोटो ली थी जिसमें तीन लोग दिखाई दे रहे थे। पुलिस ने इस एंगल के आधार पर छानबीन शुरू की और घटना स्थल पर जाकर जब देखा टॉर्च ट्रक का टामी पाना और एक हाथ घड़ी मिली और यह हाथ घड़ी को लेकर छानबीन शुरू की गई।

#### पार्टी करने वालों से पुलिस ने की पूछताछ

2 जनवरी को दोपहर 12 बजे से लेकर रात 10 बजे तक जितने लोगों ने सतपुड़ा टोल काटे के पास चिकन मटन और शराब की पार्टी की गई थी उन सभी लोगों को बुला बुलाकर पूछताछ किया गया तो इसमें यह खुलासा हो गया कि शोभापुर के कॉलेज कॉलोनी में रहने वाले सुरेश पिता काशीनाथ बामनकर,उसका छोटा भाई शुभम पिता काशीनाथ बामनकर,रितिक पिता नंदकिशोर इवने और रवि धुर्वे के माध्यम से देर शाम तक शराब पीकर यहां पर गदर की जा रही थी और इसी बीच 10:34 के आसपास चंदू उर्फ चंदन मोदी अपनी नौकरी पर आए और उन्होंने इन लोगों को यहां पर गदर-मस्ती करने से मना किया बस इसी बात को लेकर शुभम और सुरेश ने सुरक्षा प्रहरी के साथ मारपीट शुरू कर दी रात 10:40 से लेकर 11:30 तक इन चारों ने डब्लूसीएल के सुरक्षा प्रहरी के साथ मारपीट कर उसकी हत्या को अंजाम देने की बात घटना स्थल से भाग खड़े हुए।मुखबीर की सूचना के बाद घेराबंदी करके इन चारों आरोपियों को गिरफ्तार करने का काम सारनी पुलिस ने किया है। आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी अरविंद कुमरे, पाथाखेड़ा चौकी प्रभारी दिलीप यादव,चोपना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह धुर्वे और सारनी थाने के स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

#### जेल भेज दिया है

छोटी सी बात को लेकर चार युवकों के माध्यम से डब्लूसीएल के सुरक्षा प्रहरी की निर्मल हत्या कर दी है। हत्या में उपयोग आने वाले टॉर्च और टायर खोलने वाले टामी पाने को जब्त कर लिया गया है। हत्या को अंजाम देने वालों में सुरेश पिता काशीनाथ वामनकर,शुभम पिता काशीनाथ वामनकर, रितिक पिता नंदकिशोर इवने, रवि पिता तकेसिग धुर्वे शामिल है।आरोपियों के खिलाफ धारा 302,201,34 के तहत मामला पंजीकृत किया गया है और इन्हें गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय और न्यायालय के बाद जेल भेज दिया है।

**रोशन कुमार जैन,** एसडीओपी सारनी

---

### ग्रामीणों ने जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन

## बीएमओ ने ग्राम बरखेड़ के डॉक्टर को किया मुलताई अटैच



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

स्वास्थ्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बरखेड़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर गजेंद्र मीणा को मुलताई ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुलताई में अटैच कर दिया गया जिससे बरखेड़ सहित आसपास के ग्रामीणों में भारी रोष है। डॉक्टर मीणा को मुलताई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे अटैक किए जाने के विरोध में ग्राम बरखेड बांडिया खापा, जाम सहित अन्य ग्रामों के ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर अपना विरोध जताया और डॉक्टर मीणा को पूर्ववत बरखेड़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे नियुक्त किए जाने की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार बी एस कुमरे को सौप डॉ मीणा को बरखेड में पदस्थ करने की मांग की । मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी दी ग्रामीणों का कहना था की मुलताई के बीएमओ जिनकी जवाब देही संपूर्ण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार करना है वह स्थिति सुधारने के बजाय बिगाड़ रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि ग्राम बरखेड़ में लगभग 17 वर्ष से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित हो रहा है। स्वास्थ्य केंद्र में ग्राम बरखेड़ सहित समीपस्थ बांडिया खापा, जाम ,सिलादेही, सावंगा सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामों के ग्रामीण उपचार के लिए पहुंचते हैं। बीते कई दिनों से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एक वार्ड बाय और दो नर्स के भरोसे संचालित हो रहा था। ग्रामीणों की मांग पर शासन ने हाल ही में डॉक्टर गजेंद्र मीणा की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापना की थी। जिन्होंने अपना पदभार ग्रहण कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अपनी सेवाएं देना भी प्रारंभ कर दिया था। जिससे ग्रामीणों को उपचार की बेहतर सुविधा मिल रही थी। बीते चार दिन पूर्व बीएमओ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुलताई द्वारा डॉक्टर मीणा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुलताई में अटैच कर लिया है।इस स्थिति में ग्रामीणों को पुनः उपचार की सुविधा से वंचित होना पड़ गया है। ग्रामीणों ने बताया डॉक्टर के नहीं होने से वार्ड बॉय से उपचार करने के लिए ग्रामीण मजबूर हो गए हैं।ग्रामीणों ने ज्ञापन में पूर्ववत डॉक्टर गजेंद्र मीणा को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरखेड़ में पदस्थ करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया यदि उनकी मांग पूरी नहीं होती है तो वह धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। ज्ञापन सौपने वालों मे सरपंच पांडू मरकाम, सरपंच संतोष पवार, फकीरचंद पटेल रामप्रसाद साहू, घनश्याम पारधी, सुबेल मरकाम, नरेंद्र बारई, रविंद्र सूर्यवंशी, कैलाश चौधरी, दिनू गाडरे, भीवजी पवार, ममता साहू, संध्या सोनी, देवकी साहू, शीतल साहू, प्रमिला बिंझाड़े, हेमलता साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

---

### 64 टीमें प्रतियोगिता में लेंगी हिस्सा

## कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा में होगा क्रिकेट का महाकुंभ



**सारनी।** स्व.सांसद विजय कुमार खंडेलवाल की स्मृति में राज्य स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता सात जनवरी से शुरू होगी।प्रतियोगिता को लेकर तैयारी का दौर जोर-शोर से चल रहा है।राज्य स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता मे 12 राज्यों की 64 से अधिक टीमें शामिल होगी।आयोजन समिति के संयोजक रंजीत सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का यह 15 वा वर्ष है।सात जनवरी से प्रारंभ होकर क्रिकेट प्रतियोगिता 28 जनवरी तक चलेगी।विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में आयोजन समिति द्वारा एक लाख 51 हजार रूपए नकद या बुलड मोटरसायकल और द्वितीय पुरस्कार उपविजेता टीम को 75 हजार नगद या टीवीएस की मोटरसायकल दिए जाएंगे।साथ ही विजेता और उपविजेता टीम को आयोजन समिति द्वारा चमचमाती ट्रॉफी दी जाएगी।इतना ही नहीं आयोजन समिति द्वारा मैन ऑफ द सीरीज के रूप में स्पोटस साइकल प्रदान की जाएगी।राज्य स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन पाथाखेड़ा के स्व.अटल बिहारी वाजपेई स्टेडियम में जन आदर्श स्पोर्ट्स क्लब एंड वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में किया जा रहा है।आयोजन समिति के संरक्षक जीपी सिंह, किशोर बरदे,सुधा चन्द्रा, भीम बहादूर थापा,नन्हे सिह,नागेन्द्र निगम, प्रकाश शिवहरे,अमीत सप्रा,मुकेश भालेकर ने बताया प्रतियोगिता के लिए स्व.अटल बिहारी वाजपेई फुटबॉल ग्राउंड सजधज कर तैयार है।इस वर्ष राज्य स्तरीय प्रतियोगिता कराने आयोजन समिति द्वारा वरिष्ठ खिलाड़ियों के मार्गदर्शन में तीन पीच तैयार की है।जहां पर देश के कई राज्यों के खिलाड़ियों द्वारा बैटिंग व बॉलिंग की जाएगी।

## रामरख्यणी स्टेडियम में तीसरे दिन भी खेला गया तीन मैच



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

बाबा मठार देव क्रिकेट समिति सारनी के तत्वाधान में आयोजित क्रिकेट प्रतिस्पर्धा के तीसरे दिन का पहला मुकाबला आर्यन बाकुड वर्सेस विजय नगर सारनी के बीच खेला गया। इस मुकाबले मे आर्यन बाकुड ने निर्धारित 10 ओवर मे 87 रनो का लक्ष्य रखा जवाब मे उतरी विजय नगर 10 वे ओवर मे 42 रन पर आल आउट हो गयी। विजेता रही बाकुड के मुकेश को बेहतरीन गेंदबाज़ी के लिए मेन ऑफ दी मैच दिया गया।दिन का दूसरा मुकाबला एलआईसी घोड़ाडोंगरी वर्सेस देव पिपरिया आमला के बीच खेल गया। जिसमें एलआईसी की टीम ने निर्धारित 10 ओवर मे 107 रन का लक्ष्य दिया जवाब में उतरी देव पिपरिया केवल 97 रन ही बना पाई। दिन का अंतिम मुकाबला आर्यन बाकुड वर्सेस एलआईसी के बीच खेल गया जिसमे एलआईसी ने निर्धारित 10 ओवर में 128 रनों का लक्ष्य दिया जवाब में उतरी आर्यन बाकुड केवल 39 रन ही बना सकी घोड़ाडोंगरी के खिलाड़ी गोल्डी लगातार दो बार बने मैन ऑफ द मैच एलआईसी घोड़ाडोंगरी की टीम ने क्वाटर फाइनल मे प्रवेश किया। इस अवसर पर समिति के अजय डांगी, आकीब, सफात खान, हेमन्त धोटे, यमल शर्मा, राहुल सिंदूर, गोपाल ठाकुर, शैलेश भूमरकर, बाबा अख्तर,लतेश साबले, प्रफुल उघडे, मनोज नागले, आनंद, विशाल बेले, अजय नागले, बाबा वर्मा, शिवा चौरे, सावन सिंदूर, संदीप झरबदे, अज्जु खान एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्कूल-कॉलेज के आसपास पुलिस का पहरा

### पुलिस ने प्रारंभ किया अभियान मजनू

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई



स्कूल कॉलेज के सामने छेड़छाड़ की घटनाओं की मिल रही शिकायत को देखते हुए मुलताई पुलिस ने अभियान मजनू प्रारंभ किया है जिसके तहत नगर के विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजो के सामने और आसपास घूमने वाले सामाजिक तत्वों एवं मजनूओ पर निगाह रखी जा रही है उन्हें चिन्हित किया जा रहा है और समझाइए दी जा रही है।

मुलताई थाना प्रभारी प्रज्ञा शर्मा के निर्देशन में शुक्रवार पुलिस की टीम ने स्कूल और कॉलेजो में पहुंचकर आसपास घूमने वाले असमाजिक तत्वों और मजनूओ की क्लास लगाइ और उन्हें अनावश्यक रूप से स्कूल कॉलेज के आसपास न घूमने की समझाइए दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम में एसआई आम्रपाली डाहट, महिला प्रधान आरक्षक पुष्पा, महिला आरक्षक छाया एवं मोनिका ने स्कूल कॉलेज आने वाली छात्राओं को होने वाली परेशानी, उन्हें परेशान करने वाले मजनुओं स्कूल कॉलेज के सामने अनावश्यक रूप से खड़े रहने वाले असामाजिक तत्वओ को जमकर फटकार लगाई और दोबारा ऐसा न करने की समझाई थी गई।

दोबारा ऐसा करके पाए जाने पर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई किए जाने की बात भी कही गई। वहीं बिना नियमों का पालन किए वाहन चलाने वालों को भी समझाइए दी गई। दोबारा वाहन चलाते समय नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर उनके खिलाफ भी चालानी कार्रवाई की बात कही। विगत कई दिनों से मुलताई के विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजो में आने वाली छात्राएं इन मजनूओ और असामाजिक तत्वों से परेशान थी। जिनकी बार-बार शिकायत मिल रही थी, जिस पर पुलिस द्वारा शुक्रवार कार्रवाई की गई। एसआई आम्रपाली ने बताया कि आगे भी इसी तरह की कार्यवाही जारी रहेगी।

---

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का लोगों ने हर्षोल्लास से किया भव्य स्वागत

### शासन की योजनाओं से गामीणों को कराया अवगत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को बैतूल, घोड़ाडोंगरी, आमला, मुलताई और भैंसदेही विधानसभा के कुछ ग्रामों में पहुंची। जहां ग्रामवासियों ने हर्षोल्लास से यात्रा का भव्य स्वागत किया। संकल्प यात्रा के साथ चल रही मोबाईल वैन पर लगे एलईडी स्क्रीन पर वीडियो स्पॉट के माध्यम से ग्राम वासियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने ग्रामवासियों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सरपंच एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। विकसित भारत संकल्प यात्रा 5 जनवरी को बैतूल जनपद पंचायत के ग्राम मिलानपुर, सोहागपुर तथा जैतापुर, आठनेर जनपद पंचायत के ग्राम अम्बाड़ा, घोड़ाडोंगरी जनपद पंचायत के ग्राम डोलीढाना, शाहपुर जनपद पंचायत के ग्राम काटीवाड़ी तथा धमाड़ामाल, आमला जनपद पंचायत के ग्राम डगारिया तथा लालावाड़ी, मुलताई जनपद पंचायत के ग्राम सावरी तथा समरियापाढरी, प्रभातपट्टन जनपद पंचायत के ग्राम तिवरखेड़ तथा आष्टा, भैंसदेही जनपद पंचायत के ग्राम जामुलनी तथा डेडवाकुण्ड, भीमपुर जनपद पंचायत के ग्राम बसिंदा में भ्रमण कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

#### 6 जनवरी को यात्रा का रूट चार्ट

विकसित भारत संकल्प यात्रा ६ जनवरी को बैतूल, घोड़ाडोंगरी, आमला, मुलताई और भैंसदेही विधानसभा में पहुंचेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा बैतूल जनपद पंचायत के ग्राम साईखण्डरा, जावरा तथा नाहिया, आठनेर जनपद पंचायत के ग्राम बोथी, घोड़ाडोंगरी जनपद पंचायत के ग्राम मेंढापानी, शाहपुर जनपद पंचायत के ग्राम गुवाड़ी तथा सालीमेट, आमला जनपद पंचायत के ग्राम तिरमहू तथा हरदोली, मुलताई जनपद पंचायत के ग्राम पिपरिया तथा डहुआ, प्रभातपट्टन जनपद पंचायत के ग्राम सावंगी तथा बिरुल बाजार, भैंसदेही जनपद पंचायत के ग्राम धाबा, भीमपुर जनपद पंचायत के ग्राम चिल्लौर तथा कामोद में भ्रमण कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगी।

## मिशन वात्सल्य बालिका गृह का किया शुभारंभ



**सारनी।** ग्राम भारती महिला मंडल द्वारा विभागीय आदेश स्वीकृति से बालिका गृह का शुभारंभ प्रशांत विहार कॉलोनी बिजासन माता मंदिर के पास पैराडाइज स्कूल के पीछे गौ ठाना में किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद दुर्गादास उईके के कर कमलों द्वारा फिता काटकर किया गया। कार्यक्रम मे विशेष अतिथि के रूप में बैतूल विधायक हेमंखंडेवाल, आमला विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे महिला बाल विकास अधिकारी बाल कल्याण समिति सदस्य किशोर न्याय बोर्ड सदस्य की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथि द्वारा बालिका ग्रह व्यवस्थाओं की प्रशंसा की गई।सांसद द्वारा ग्राम भारती महिला मंडल की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की गई तथा बालिक ग्रह संचालन के लिए भी बधाई दी गई। कार्यक्रम में राजीव कहार डिप्टी कलेक्टर तथा बाल कल्याण समिति से कपिल वर्मा अध्यक्ष के साथ हीरेंद्र शर्मा शलभ वर्मा सुमन वंदना कुंभारे,योगिता रघुवंशी,किशोर न्याय बोर्ड से हेमलता कुंभारे, नीतू चढ़ोकार उपस्थिति रही।पीएचईडी बैतूल मुख्य कार्यपालन यंत्री,राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अधिकारी एवं विभिन्न विभाग द्वारा गणमान्य अतिथि उपस्थित हुए।कार्यक्रम शुभारंभ के पूर्व ममता गारवे की टीम द्वारा सुंदरकांड की प्रस्तुति दी गई। संस्था प्रमुख भारती अग्रवाल द्वारा उपस्थित अधिकारियों का कार्यक्रम को सफल बनाने सहयोग आभार व्यक्त किया।संस्था कोषाध्यक्ष नंदा सोनी के साथ संस्था की समस्त टीम उपस्थित थी।

### नन्हें-मुन्ने बने राम-सीता

## रामभक्तों ने अक्षत कलश निकाली, घर-घर में हुई पूजा



**बैतूल।** लम्बे समय के बाद रामलला अयोध्या में विराजित होने जा रहें हैं। जिससे रामभक्त बहुत उत्साहित हैं। बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक श्याम टेकपुरे के नेतृत्व में अयोध्या से अक्षतः वितरण का कार्यक्रम गणेश वार्ड चुन्नीढ़ाना में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ गौरी शंकर शिवमंदिर में पूजा-पाठ कर विधि विधान से किया गया। वार्ड के नन्हें बच्चों ने राम और सीता का वेष धारण किया। इस मौके पर श्याम टेकपुरे ने बताया कि इस अक्षतः को घरों के पूजा स्थल में रखकर पूजा पाठ करना है।

उन्होने कहा कि हम सौभाग्यशाली है कि हमारे जीते जी भगवान राम का मंदिर बन गया है। उसमें प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को की जा रही है। आप लोग भी प्राण प्रतिष्ठा के दिन सुबह 11 बजे से अपराह 1 बजे के मध्य अपने ग्राम, मोहल्ले, कालोनी में स्थित मंदिर में आस-पास पड़ोस के रामभक्तों को एकत्रित कर भजन कीर्तन करें। शंख ध्वनि, घंटानाद आरती करें और प्रसाद वितरण करें। सुनीता राठोर ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन श्रीराम जय राम जय जय राम विजय महामंत्र का १०८ बार सामूहिक जाप करें। इसके साथ ही हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, रामरक्षा स्त्रोतम आदि का सामूहिक पाठ भी करें। उर्मिला मालवी ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन सायंकाल से सूर्यास्त के बाद अपने घर के सामने देवताओं को प्रसन्न करने के लिए रांगोली व दीपक जलाएं। इस दिन विश्व के करोड़ों घरों में दीपोत्सव मनाया जाएगा। आभार सतपाल मगरदे ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में विशेष रूप रूप से कार्यक्रम में श्रीराम पंवार, सतपाल मगरदे, साहबलाल रावत, अशोक पाटनकर, सोहनलाल राठौर, शरद मालवी, राजू मिश्रा, राजू नायक, मुकेश देशमुख, गजानंद सिरासाव, संतोष चन्द्रसुरे, भूपेन्द्र पंवार, विवेक शर्मा, देवीराम मालवी, सुरेश मालवी, बाबू भार्गव, हेमा ठाकुर, ज्योति राठौर आदि रहे मौजूद।

### पिपरिया क्षेत्र की अधिकांश ग्राम पंचायतों को ओडीएफ का तमगा मिल चुका है

# सामुदायिक स्वच्छता परिसरों में पड़े रहते हैं ताले, लोग खुले में जाने को मजबूर

**पिपरिया क्षेत्र में आने वाले सभी ग्राम पंचायतों में से अधिकांश में लाखों की लागत से बने स्वच्छता परिसर या तो अधूरे पड़े है या उनमें ताला जड़ा रहता है। कुछ पंचायतों में तो इतनी दूर स्वच्छता परिसर बनाए है जो आमजनों की पहुंच से दूर है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जनपद की सभी पंचायतों को करीब 15 वर्ष पहले ही ओडीएफ का तमगा मिल चुका है लेकिन इतने वर्षों के बाद भी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता परिसर लाखों रुपए की लागत से तैयार कराए जा रहे हैं जिनमें अक्सर पंचायत के ताले लगे रहते है। जो अनुपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। या फिर पंचायत के द्वारा स्वच्छता परिसर को ऐसी जगह बनाया गया है जहां लोग उपयोग ही नहीं कर पा रहे हैं। उदाहरण के तौर पर ग्राम पंचायत सांडिया में स्वच्छता परिसर को बाजार घाट पर तो बनाया गया है लेकिन घाट से काफी दूर बनाया गया है जहां पर गंदगी एवं झाड़ियां होने के कारण जनता वहां पर पहुंच नहीं पा रही है और ना ही उनका उपयोग कर पा रही है। इसी तरह से ग्राम पंचायत समनापुर के डोकरीखेड़ा गांव में डेम के पास जंगल में बनाया हुआ है जो आम जनता के निवास से काफी दूरी पर है जिसका उपयोग भी जनता नहीं कर पा रही है। ग्राम पंचायत धनाश्री में भी अनुपयोगी सिद्ध हो रहा है। क्योंकि अभी तक तैयार ही नहीं किया गया है ग्राम पंचायत के पंच हेमंत पटेल ने बताया कि स्वच्छता परिसर पंचायत के द्वारा बनाया तो गया है लेकिन अभी अंदर से पूर्ण नहीं हुआ है न ही सीट फिट की गई है और तमाम सामग्री सेनेटरी की भी कंप्लीट नहीं की गई है। बाहर दरवाजे लगाकर सिर्फ दीवाल पर लिख दिया गया है और उसमें ताला डाल दिया गया है। 83 ग्राम पंचायत में 2 साल पहले स्वच्छता परिसर का निर्माण पंचायत के सरपंच सचिव रोजगार सहायक के द्वारा कराया गया लेकिन स्वच्छता परिसर की देखभाल न होने पर तथा कंप्लीट ना होने के कारण ताला लटका हुआ है। कहीं शौचालय की आवश्यक सामग्री भी क्षतिग्रस्त है। मोहरी कला ग्राम पंचायत में आवश्यक सामग्री क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है ग्रामीणों ने बताएं कि सरपंच सचिव द्वारा सामुदायिक स्वच्छता परिसर का निर्माण अधूरा ही छोड़ दिया गया है और पंचायत को ओडीएफ का दर्जा देकर इति श्री कर दी गई है।

### सरकारी राशि का दुरुपयोग

सरकारी राशि का दुरुपयोग कैसे किया जाता है इसके यह सभी उदाहरण है। इस तरह से स्वच्छता शाखा प्रभारी के द्वारा भी आपसी लेनदेन कर शासन की योजनाओं को चूना लगाया प्रतीत हो रहा है कहीं पानी की टंकी नहीं है तो कहीं शौचालय में पाइप लाइन नहीं है तो कहीं नल सहित तमाम सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। राशि लगातार निकाली जा रही है ग्रामीणों का कहना है कि शौचालय में मूलभूत सुविधाएं नहीं है। उन्होंने बताया कि गांव में निर्मित शौचालय में भी मूलभूत सुविधाएं न होने से बीते 2 साल से बेकार पड़े हुए हैं इसलिए गांव की आधे से ज्यादातर आबादी खुले में शौच के लिए मजबूर है। जबकि सरपंच सचिव पंचायत में 5 साल से शासकीय रिकॉर्ड में ओडीएफ दर्ज कर चुके हैं। शिकायतों के बाद भी आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है जबकि पूरी पंचायत में स्वच्छता परिसर के नाम पर यही हाल हो रहे हैं। विशेष तौर से मां नर्मदा के किनारे जितनी ग्राम पंचायतें हैं वहां पर तो होना ही था लेकिन वहां पर भी नर्मदा का किनारा छोड़कर पंचायत के द्वारा ऐसी जगह स्थापित किए गए हैं जहां जनता के उपयोग में नहीं आ रहे हैं। धनुश्री का स्वच्छता परिसर वर्तमान में खंडहर जैसा पड़ा हुआ है। ग्राम पंचायत के सचिव छबीले राम पटेल ने उन्होंने बताया कि उनके आने के पूर्व निर्माण हुआ है राशि का आहरण भी किया गया है लेकिन कंप्लीट नहीं हुआ है जिसके लिए शीघ्र ही कंप्लीट करने की कार्रवाई की जा रही है।

# बारदाने की कमी के साथ ही मौसम की मार झेल रहे क्षेत्र के किसान

### कामिनी वेयरहाउस सांगाखेड़ा खुर्द में बारदानों की कमी, तुलाई में देरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



समीपस्थ ग्राम सांगा खेड़ा खुर्द मैं स्थित कामिनी वेयर हाउस में धान की तुलाई खराब मौसम एवं बार दाने की कमी से प्रभावित हो रही है। खराब मौसम के कारण किसान धान की ट्रालियों पर तिरपाल लगाकर रखने को मजबूर हैं। क्योंकि सुबह रुक-रुक कर बारिश हुई थी और अभी भी खराब मौसम के चलते बारिश का कोई ठिकाना नहीं है। वही बारदानो की कमी की समस्या भी पिछले चार-पांच दिनों से है वही ग्राम बम्होरी खुर्द में जयंती वेयरहाउस स्थित खरीदी केंद्र बहारपुर में भी धान समर्थन मूल्य के लिए खरीदी जा रही है एवं धान खुले में पड़ी हुई है तथा वेयरहाउस के सामने ट्रैक्टरों की कतार लगी हुई है जिसे किसानों ने तिरपाल से ढक कर रखा। वहीं मामले में समिति प्रबंधक समर्थन मूल्य धान, खरीदी केंद्र सांगाखेड़ा खुर्द गिरवर सिंह राजपूत ने बताया कि ट्रांसपोर्टर की हड़ताल के पूर्व ही प्रशासन को बाहर जाने की आपूर्ति के लिए आवेदन किया था परंतु ट्रांसपोर्टर की हड़ताल हो जाने के कारण बारदाने अभी तक खरीदी केंद्र पर पहुंचे नहीं है संभवत रात्रि तक बारदानों की व्यवस्था हो जाएगी फिर तुलाई शीघ्रता से होगी।



### विकसित भारत संकल्प यात्रा आज

**माखननगर।** शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ नर्मदापुरम से होकर नगर में प्रवेश करेगी। विकसित यात्रा रथ इंदौरी तिराहे से कलश यात्रा ढोल बजे के साथ मुख्य मार्गो से होकर बस स्टैंड पहुचेगीं। जहां मुख्य कार्यक्रम होगा। जिसमें केंद्र सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों को दी जाएगी।

### नर्मदापुरम शहर पहली बार वन स्टॉर

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम शहर को वर्ष 2023 में नया तमका मिला है। यह स्वच्छता की रैंक में पहली बार वन स्टॉर बना है एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत ओडीएफ खुले में शौचमुक्त, प्रमाण पत्र के लिए ओडीएफ प्लस प्लस, री सर्टिफिकेशन भी पास कर लिया है। कचरा मुक्त शहर के लिए सेवन स्टान, फाइव स्टार, थ्री स्टार एवं वन स्टार की केटीगिरी में नर्मदापुरम शहर में 2023 के लिए थ्री स्टॉर सर्टिफिकेट के लिए अप्लाई किया था। जिसमें शहर को वन स्टॉर प्रमाणित किया गया है। इसी प्रकार सिवनीमालवा को भी वन स्टॉर, माखननगर वन स्टॉर में शामिल हुआ है। विदित हो कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के लिए नर्मदापुरम ने यह उपलब्धि हासिल की है। वन स्टॉर मिलते ही नगर पालिका में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

# परमिट शर्तों का उल्लंघन, कटा 10 हजार का चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शुक्रवार को कलेक्टर के दिशा निर्देशानुसार आरटीओ निशा चौहान के नेतृत्व में जांच दल द्वारा इटारसी केसला मार्ग पर बसों तथा अन्य वाहनों की जांच की गई। दस्तावेजों की जांच के साथ ही वाहनों के संचालन की स्थिति तथा यात्रियों की सुविधाओ की जांच की गई। जांच के में एक यात्री बस क्रं. टीएन 30 बीके 4466 परमिट शर्तो का उल्लंघन करते पाई गई। जिस पर चालानी कार्रवाई करते हुए 10 हजार का चालान काटा गया। अन्य 45 वाहनों की जांच में 7 वाहन नियम विरुद्ध पाए जाने पर 17 हजार 500 का चालान बनाया गया तथा पूर्व में फिटनेस निरस्त की गई। मालवीय बस पुनः ठीक करके आरटीओ कार्यालय लाए जाने पर बस को जांच उपरांत फिटनेस की कार्रवाई की जाएगी। आरटीओ ने बताया कि परिवहन विभाग के द्वारा वाहनों की जांच निरंतर जारी रहेगी।

# स्कूल में किया विद्युत साक्षरता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




नगर के सर्वोदय विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल में स्कूल के संचालक आनंद प्रकाश शर्मा के द्वारा छात्र-छात्राओं के हित में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं को न्यायाधीश प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट शालिनी शुक्ला मिश्रा और आदित्य मंडलोई प्रशिक्षण न्यायाधीश द्वारा कानूनी जानकारियां विस्तार पूर्वक प्रदान की गई। इसी दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं ने हिट एंड रन कानून पर जानकारी जानना चाहे तो न्यायाधीशों ने बताया कि इस कानून की बारीकियां पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कानून सड़क पर मोटर गाड़ी या बड़े वाहन चलाते हुए सजग रहने की प्रेरणा हमें देता है। इसमें किसी भी प्रकार की दुर्घटना हो जाने की स्थिति में वाहन चालक को ही सर्वप्रथम दुर्घटनाग्रस्त की मदद करना पहली प्राथमिकता है। इस कानून का मानवी पहलू भी है ऐसा नहीं होने की स्थिति में वाहन चालक दूसरी समझा जाएगा, साथ इस कानून के सभी पक्षों पर न्यायाधीश ने प्रकाश डाला। वहीं उन्होंने अपने परिवार से इसी कानूनी जानकारी को साझा करने की बात कही। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आनंद प्रकाश शर्मा ने किया।

# युवा रजक समाज की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

रजक समाज युवा प्रकोष्ठ माखन नगर कार्यकारिणी के संबंध में मुकेश भगोरिया के निज निवास पर गुरुवार को समाज के युवा एवं समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में बैठक रखी गई। सर्वप्रथम रजक समाज के ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश भगोरिया द्वारा संत श्री गडगे महाराज को पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर बैठक की शुरुआत हुई। जिसमें नर्मदापुरम संभाग के मीडिया प्रभारी चिराग भगोरिया एवं एबीडीएम युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र बाथरी की उपस्थिति मे समाज की युवा प्रकोष्ट कार्यकारिणी के संबंध में एवं समाज की प्रगति में उन्नति के संबंध में चर्चा के दौरान चंद्रभान नागोरिया ब्लॉक अध्यक्ष एवं लोकेश भगोरिया को नगर अध्यक्ष के नाम का प्रस्ताव रखा गया जिसमें उपस्थित रजक समाज के युवा साथियों ने सहमति जताई। जिसमें उपस्थित सुजीत बाथरी, दीपक नागोरिया, मोती नागोरिया, ऋषि भगोरिया, राज भगोरिया, आयुष भगोरिया, विशाल भगोरिया, पुनीत नागोरिया, आयुष भगोरिया ,सिद्धांत राजोरिया, सुमित राजोरिया, एवं समस्त समाज के वरिष्ठ एवं युवा सम्मिलित रहे।

### त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करें: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर मीना ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। फोटो निर्वाचक नामावली 2024 की प्रारंभिक गतिविधियां शुरू हो गई है। 6 जनवरी को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 6 से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन और नाम हटाने के लिए आवेदन लिए जाएंगे। 8 फरवरी को फोटो निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने क्षेत्र में बीएलओ और बीएलए की बैठक कर उन्हें त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दें।18 वर्ष से 20 वर्ष तक के नव मतदाताओं के नाम प्राथमिकता से जोड़े जाएं।

# विधायक ने किया सब स्टेशन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

ग्राम पंचायत समनापुर की डोकरी खेड़ा में बिजली सब स्टेशन का लोकार्पण किया गया। विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने उद्बोधन में कहा कि 15 वर्ष पूर्व जब उन्होंने पिपरिया विधानसभा की बागडोर संभाली थी तब पिपरिया विकासखंड के साथ-साथ पूरी विधानसभा में कुल 8 सब स्टेशन बिजली विभाग के हुआ करते थे। जिसमें लोगों को सबसे अधिक समस्या बिजली की सप्लाई से थी। किसानों को तथा लोगों को घरेलू कनेक्शन में समय पर बिजली प्राप्त नहीं होती थी।

लेकिन आज वर्तमान में पिपरिया विधानसभा में 80 सब स्टेशन उनके द्वारा स्वीकृत कराए गए तथा लगभग 90 प्रतिशत सब स्टेशन के निर्माण कार्य भी पूर्ण हो चुके हैं 10 प्रतिशत सब स्टेशन शेष हैं जो इन पंचवर्षीय में पूर्ण कर लिए जाएंगे। विकास की गति पकड़ी जा रही है डोकरी खेड़ा में डेम की समस्या को लेकर भी लगातार अधिकारियों से चर्चाएं की जा रही हैं। दस्तावेज भी संलग्न किए जा चुके हैं शीघ्र ही यह कार्य भी पूर्ण कर लिया जाएगा और उसी के साथ यहां के लोगों को किसानों को 10 घंटे बिजली नहीं मिल पा रही थी। इसलिए सब स्टेशन की मांग थी जो आज पूर्ण हो चुकी है। विधायक ठाकुरदास नागवंशी एवं विधानसभा प्रभारी नवनीत सिंह नागपाल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी, नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर, पीयूष मंडराहा, प्रबंधक दुर्गेश मंडलोई सहित अधिकारी-कर्मचारियों मौजूद रहे। विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने बिजली विभाग की सब स्टेशन का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। तथा किसानों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनी गई तथा डोकरी खेड़ा डैम की समस्या से भी शीघ्र निजात दिलाने का आश्वासन दिया। लगभग 40 किलोमीटर बिजली की लाइन पर खुले तार की जगह केवल डाली जावेगी।

# छह माह से छात्रवृत्ति का पोर्टल बंद पोर्टल प्रारंभ करवाने की मांग

### शिक्षा मंत्री के नाम प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने महाविद्यालय में विगत 6 माह से बंद पड़े छात्रवृत्ति के सभी पोर्टल अति शीघ्र प्रारंभ करने विषय में शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन महाविद्यालय की प्राचार्य को सौंपा है। अभाविप मध्यभारत प्रांत छात्रवृत्ति संबधी विभिन्न समस्या पर विगत 6 माह से छात्रवृति का पोर्टल ठप होने के कारण प्रदेश के डेढ़ लाख से अधिक विद्यार्थी आज छात्रवृत्ति संबधी विभिन्न प्रकार की योजनाएं के लाभ से वंचित हो रहे है। पोस्टमेट्रिक छात्रवृत्ति, आवास भत्ता, गाँव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना का लाभ मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का विद्यार्थी जो छात्रवृत्ति संबधित योजनाओं के माध्यम से महाविद्यालय में प्रवेश लेते है। अब उन विद्यार्थियों को आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। संबल, पोस्टमेट्रिक जैसी छात्रवृत्ति योजनाओं के सहारे ही उच्च शिक्षा में विद्यार्थी वर्ग का नामांकन प्रतिशत प्रति वर्ष बढ़ता है। ऐसे में 6 माह से छात्रवृत्ति के पोर्टल बंद होना उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही दर्शाता है। बजट व तकनीकी खराबी का हवाला देते हुए विद्यार्थियों को नकार दिया जाता है। जिस कारण व्यवस्थाओं के प्रति विद्यार्थी समुदाय का विश्वास भी घटता जा रहा है। छात्रहित में निर्णय कर तत्काल प्रभाव से छात्रवृत्ति के सभी पोर्टल प्रारंभ करें व गत वर्ष की लंबित छात्रवृत्ति का लाभ भी अति शीघ्र विद्यार्थी को प्रदान करें। ऐसा करने से हजारों गरीब माध्यम वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा पाने अवसर मिल पाएगा । इस अवसर नगर मंत्री सौरभ प्रजापति, नगर सह मंत्री अमन कीर, गोविंद गोस्वामी, महाविद्यालय अध्यक्ष मनीष यादव कार्यकारणी सदस्य सुशील, करण, सागर, यशवंत, रोशनी, राधिका, प्रिया, जया, जागृति, मधु, ज्योति, खुसबू, नदनी, पूनम, मुस्कान, निक्की के साथ महाविद्यालय के छात्र छात्राएं भी उपस्थित रहें।

### बनखेड़ी और पिपरिया के केंद्रों पर ध्यान दे: कलेक्टर

# धान का किया गया सुरक्षित परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिले में ओपन एरिया में रखी खरीदी गई धान का सुरक्षित रूप से परिवहन कराया गया है। ऐसे केंद्रों पर ट्रक वाहनों, श्रमिकों और सिलाई मशीनों की संख्या बढ़ाकर धान का तेजी से परिवहन किया गया है। बारिश को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार उपार्जन संबंधी अधिकारियों ने फील्ड पर रहकर धान का सुरक्षित परिवहन करवाया है। शुक्रवार सुबह कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट में धान उपार्जन की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने उपार्जन संबंधी अधिकारियों को निर्देशित किया था कि बनखेड़ी और पिपरिया के केंद्रों पर मौजूद रहकर खुले में रखी धान का सुरक्षित परिवहन कराएं। केंद्रों पर वाहनों, श्रमिकों अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। उपायुक्त सहकारिता शिवम मिश्रा ने बताया कि जिले में केवल बनखेड़ी में 6 केंद्र है जहां धान उपार्जन उपरांत कट्टिया खुले में रखी हुई थी। ऐसे केंद्रों पर 10 से 12 वाहनों को परिवहन के लिए लगाए गए हैं। लगभग 112 श्रमिक नियोजित किए गए हैं। आवश्यकता अनुसार वाहनों की संख्या बढ़ाई जा रही हैं। धान को सुरक्षित रूप से गोदामों में स्टेगिंग कर रखा गया है। इन सभी केंद्रों के समिति प्रबंधको को भी निर्देशित किया गया कि खरीदी के उपरान्त तत्काल सिलाई कर बोरियों को परिवहन के लिए तैयार रखें। उपायुक्त सहकारिता मिश्रा ने बताया कि बनखेड़ी के सीताभोज वेयरहाउस में 8500 क्विंटल के विरुद्ध लगभग 5000 क्विं. का सुरक्षित परिवहन किया गया हैं। इसी प्रकार गायत्री वेयरहाउस से 1200 क्विं. के विरुद्ध 1200 क्विं. का उठाव किया जा चुका है। मालनवाडा वेयरहाउस में 2800 से 1200 क्विं., ग्राम सुरेलारणधीर स्थित केंद्र में 8600 क्विं. के विरुद्ध 3500 क्विंटल, मंडी केंद्र में 8500 क्विं. के विरुद्ध 3000 क्विं. और कामती ग्राम के 7100 क्विं. के विरुद्ध 3000 क्विं. का परिवहन किया गया है। इन केंद्रों पर शेष बची लगभग 20 हजार क्विंटल धान का भी शीघ्र परिवहन पूर्ण कर लिया जाएगा।

# बैठकः किसान मोर्चा की अहम भूमिका बताई और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश अनुसार भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशन में भाजपा किसान मोर्चा की जिला बैठक भाजपा जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष योगेंद्र राजपूत ने बताया कि किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह ने आगामी लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार का नारा देते हुए किसान मोर्चा की अहम भूमिका बताई एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चलो गांव अभियान के महासंपर्क के लिए प्रवासी कार्यकर्ताओं को प्रभारी नियुक्त करना है साथ ही ग्राम परिक्रमा पेड़ की छांव अपना प्यारा गांव अभियान को पंचायत स्तर तक चलाना है। जिला प्रभारी भगवान सिंह मीणा ने जानकारी देते हुए बताया की किसान मोर्चा की विस चुनाव में महत्वपूर्ण भागीदारी रही। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी सीमा सिंह जादौन ने कहा कि नर्मदापुरम जिले के विस चुनाव में भाजपा के सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। नर्मदापुरम जिले की चारों विधानसभाओं सीट पर पुनः भाजपा के प्रत्याशी को विजय बनाने पर कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि हमें आगामी दिनों में उन्हें नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाना है। भाजपा जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल ने कहा कि हमें संगठन के द्वारा दिए गए कार्यो को समय सीमा में निर्धारित कर कार्यक्रम को पूर्ण करना है। बैठक में महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया, किसान मोर्चा जिला प्रभारी सुरेश पटेल, जिला महामंत्री प्रीति शुक्ला, मुकेश चंद्र मैना, जिला कार्यालय मंत्री प्रशांत दीक्षित, जिला मीडिया प्रभारी अमित माहाला विशेष रूप से मौजूद थे। बैठक में अनिल दुबे, योगेन्द्र चंदेल, विवेक साध, निखिलेश चतुर्वेदी, निर्मल सिंह राजपूत, राजकुमार गिन्यारे, सूरज प्रताप राठौर, नंदकिशोर यादव, शिवराम मण्डलोई, राम यादव, नानक पटेल, सुरेश यादव, अमित तिवारी, सुनील साध, विनय हर्णे, केतार सिंह चौहान, निर्मल रघुवंशी, राकेश गौर, भगवान दास पटेल, अनुराग दीवान सहित किसान मोर्चा के जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष महामंत्री उपस्थित थे।

## विधानसभा चुनाव के बाद से जिलाध्यक्ष अमरसिंह को हटाने को लेकर चल रही थी चर्चा

# विस चुनाव में दोनों सीट गंवाने के बाद जिलाध्यक्ष अमरसिंह मीणा को हटाया, राजेश वर्मा अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

भारतीय जनता पार्टी ने संगठन में बदलाव करते हुए हरदा जिला अध्यक्ष अमरसिंह मीणा को पद से हटा दिया है। उनके स्थान पर राजेश वर्मा उर्फ काका को नया जिला अध्यक्ष बनाया है। मालूम हो कि पिछले 8 साल से अमर सिंह मीणा भाजपा के जिला अध्यक्ष बने हुए थे। इन 8 साल के कार्यकाल में उन्होंने कई चुनाव में पार्टी को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, लेकिन इस बार के विधानसभा चुनाव में जिले की दोनों सीट भाजपा ने गंवा दी।

चुनाव परिणाम के आने से पहले ही हरदा विधायक और कृषि मंत्री कमल पटेल का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह कहते हुए दिखाई दे रहे थे कि मेरे ही बनाया हुआ नेता गड़बड़ कर रहे हैं। अमरसिंह मीणा ने गड़बड़ी की है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद से माना जा रहा था कि भाजपा जिला अध्यक्ष के पद से अमर सिंह मीणा की विदाई तय है। शुक्रवार को जारी नियुक्ति पत्र में राजेश वर्मा काका को जिला अध्यक्ष बनाया गया। जानकारी के अनुसार हरदा भाजपा में 2015 में अमर सिंह मीणा की नियुक्ति जिलाध्यक्ष पद पर हुई थी। 3 साल का कार्यकाल होने के बाद भी पार्टी ने उन्हें लगातार दायित्व दे रखा था। कृषि मंत्री कमल पटेल के ख़ास होने के कारण भी



6 साल के बाद उन्हें नहीं हटाया था। लेकिन विधानसभा चुनाव से पहले पिछले कुछ समय से कमल पटेल और अमर सिंह मीणा के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा था। पार्टी के सूत्र बताते है कि विधानसभा चुनाव में भाजपा जिला अध्यक्ष रहते हुए अमर सिंह मीणा ने कमल पटेल को हराने के प्रयास किये थे। जिसकी शिकायत प्रदेश स्तर पर हुई है, हालाँकि इसकी पुष्टि किसी ने नहीं की। विधानसभा



चुनाव के परिणाम से ठीक पहले पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें पूजा पाठ करते के दौरान वह कहते हुए सुनाई दे रहे थे कि चुनाव में अमर सिंह मीणा ने भी गड़बड़ी की है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद से माना जा रहा था कि अमर सिंह पटेल को जिला अध्यक्ष के पद से हटा दिया जाएगा।

### अभाविप से सक्रीय

भारतीय जनता पार्टी जिला हरदा के जिला अध्यक्ष पद पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, विद्यार्थी परिषद से लगातार विभिन्न दायित्व पर रहे राजेश वर्मा (काका) को मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। प्रदेश महामंत्री भगवान दास सबनानी ने पत्र जारी कर उनकी नियुक्ति की घोषणा की।

### वायरल हुआ था वीडियो

विधानसभा चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी और प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल का एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें वह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि पूरे विरोधी एक हो गए थे। हमारे वाले भी कुछ एक हो गए थे। मेरा ही बनाया हुआ नेता गड़बड़ था, अमर सिंह मीणा गड़बड़ था, सुरेंद्र जैन गड़बड़ था तो उसे बाहर कर दिया।

### काम करता रहूंगा...

भाजपा संगठन का बहुत बहुत धन्यवाद जिसके कारण 8 साल तक जिला अध्यक्ष के पद पर रहा हूं। मेरे कार्यकाल में पार्टी ने कई चुनाव जीते, हालांकि इस बार विधानसभा चुनाव में हार हुई। पार्टी सेवक के रूप में काम करता रहूंगा।

**अमरसिंह मीणा,**
पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा

## पुलिस मौके पर पहुंची

# जैक-पत्थरों के सहारे ट्रक को खड़ा कर टायर-डिस्क ले उड़े बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

बड़वाह नगर के इंदौर रोड के पास भंगार गोदाम पर चोरों ने खड़े ट्रक के चारों टायर चोरी कर लिए। इस दौरान ट्रक को जैक और पत्थरों के सहारे खड़ा कर रफूचक्कर हो गए। चोरों ने न केवल टायर चोरी किए, बल्कि टायर की डिस्क भी साथ में ले गए। मैकेनिकों की माने तो ट्रक से डिस्क सहित टायर खोलकर ले जाना मामूली नट-बोल्ट खोलना जैसा कोई आसान काम नहीं है। चोर पेशेवर होने के साथ कुशल मैकेनिक जान पड़ते है। जो उपकरणों की सहायता से डिस्क सहित टायर खोलकर ले जा सकते है। घटना की सूचना लगने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। चोरी किए डिस्क सहित टायरों की कीमत करीब डेढ़ लाख बताई जा रही है।

ट्रक मालिक नत्थू सिंह मीणा ने बताया कि गुरुवार शाम को ट्रक खड़ा कर तारा नगर स्थित घर चले गया था। सुबह स्थानीय लोगों ने जब ट्रक के चारो टायर गायब देखे तो मालिक नत्थू सिंह को इसकी जानकारी दी। नत्थू सिंह ने चोरी की यह वारदात देखकर बताया कि पिछले 15 साल




से वे ट्रक इसी जगह पर खड़ा करके जाते रहे हैं। आज तक ऐसी चोरी की वारदात नहीं हुई है। यह पहला मौका है जब किसी ने ट्रक के चारो पहिए डिस्क सहित ले गए हो। नए डिस्क और टायर लगभग डेढ़ लाख के आएंगे। आसपास के लोगों के मुताबिक, यह वारदात रात 12 से 4 बजे की बीच की हो सकती है। रात में पानी गिरने के कारण ठंड भी बढ़ गई थी। इस दौरान अधिकतर लोग घरों में थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात फरार आरोपियों पर एसपी ने किया इनाम घोषित

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा थाना मांधाता के अपराध क्रमांक 140/2014 तथा थाना छैगांवमाखन के अपराध क्रमांक 602/23 के अज्ञात फरार आरोपियों पर क्रमशः 5 हजार एवं 3 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया कि अज्ञात आरोपियों के संबंध में आवश्यक सूचना देने वालों का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा। इन फरार अज्ञात आरोपियों से संबंधित सूचना पुलिस कंट्रोल रूम के फोन नम्बर 7049138955 तथा 7049101036 पर दे सकते हैं।

### आरक्षण की मांग पर आज ज्ञापन देगी विश्नोई समाज

**हरदा।** मध्य क्षेत्र विश्नोई सभा के आह्वान पर केंद्र में विश्नोई ओबीसी आरक्षण विषय को लेकर शनिवार दोपहर 1 बजे प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर ऋषि गर्ग को ज्ञापन दिया जाएगा। मध्यक्षेत्र विश्नोई सभा के अध्यक्ष आत्माराम पटेल ने समाज के लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि इस अवसर पर सभी समाज जन अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अखिल भारतीय विश्नोई महासभा के अभियान को मजबूत करने के लिए अपना बहुमूल्य योगदान दें। मप्र विश्नोई युवा संगठन के प्रदेशाध्यक्ष सुहागमल पंवार ने बताया कि केंद्र में बिश्नोई जाति को ओबीसी में शामिल करने की मांग को लेकर आरक्षण सद्भावना पदयात्रा अखिल भारतीय विश्नोई महासभा के अध्यक्ष देवेंद्र बुड़िया के नेतृत्व में विश्नोई समाज के हजारों लोगों के साथ प्रधानमंत्री को ज्ञापन देने के लिए राजस्थान के मुकाम से 29 दिसंबर को दिल्ली के लिए रवाना हुई थी।

### हरदा के खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हरदा।** जिले में आयोजित राज्य स्तरीय 56वीं खो-खो प्रतियोगिता में हरदा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। शुक्रवार को खिलाड़ियों के लौटने पर शहर के नागरिकों ने स्वागत किया है। कोच मोनिका कुशवाहा ने बताया कि महिला और पुरुष वर्ग की सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि महिला वर्ग में हरदा की टीम को दूसरा और पुरुष वर्ग की टीम को तीसरा स्थान मिला है। उन्होंने बताया कि सतना में दो से चार जनवरी तक 56वीं महिला और पुरुष सीनियर खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसके महिला और पुरूष वर्ग का खिताब जबलपुर की टीम ने अपने नाम किया। प्रतियोगिता जीतकर आने कि खुशी मे शहरवासियों, सामाजिक लोगों और स्कूल स्टॉफ की ओर फूलमाला पहनाकर खिलाड़ियों का स्वागत किया। इस मौके पर बड़ी संख्या मे लोग बैंड बाजे लेकर स्टेशन पहुंचे। जहां उन्होंने खिलाड़ियों का स्वागत कर खुशियां मनाई। वहीं खिलाड़ियों ने भी खुशी में झूमकर स्टेशन पर जमकर नृत्य किया।

# बदली नवग्रह मेले की जगह, 3 लाख 87 हजार 450 वर्गफीट में लगेंगी दुकानें

## पूरब-पश्चिम में लगेंगी 430 से अधिक दुकानें, हाइवे से दिखेगा मेला



**खरगोन।** प्रदेश के चर्चित मेलों में शामिल शहर का नवग्रह मेला 132 वें साल में नए स्वरूप में लगेगा। 100 साल बाद पहली बार मेला लगने वाली जगह में बदलाव किया गया है। अब तक उत्तर से दक्षिण दिशा में दुकानें लगती थी। अब पूरब से पश्चिम दिशा में सजेगी। खरगोन-इंदौर नेशनल हाईवे 347 सी से आवागमन करने वाले लोगों को दूर से ही मेला दिखेगा। मेले का ले-आउट शुक्रवार को डाला गया। वॉट्सएप दुकानों का आवंटन शुरू हो जाएगा। 10 जनवरी तक दुकानें लगने लगेगी। नगरपालिका ने इसकी तैयारी की है। इस बार मेले में 430 से अधिक दुकानें लगने का अनुमान है। नगरपालिका के राजस्व अधिकारी महेश वर्मा व राजेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि शुक्रवार को लाइनिंग हुए। तीन हिस्सों में टोटल 28 ब्लॉक बनाए है। प्रत्येक ब्लॉक के बीच आवाजाही के लिए पर्याप्त रास्ता छोड़ा गया है। मेला कुल 3 लाख 87 हजार 450 वर्गफीट में सजेगा। मकर संक्रांति पर नगर गौरव दिवस तक मिला सज जाएगा।

### सर्कस और सिनेमा उत्तरी छोर पर

ले आउट के अनुसार, मेला मैदान के उत्तरी छोर पर सर्कस, सिनेमा व उसके आगे बैल बाजार की जगह छोड़ी गई है। पार्किंग व्यवस्था पूर्व दिशा में हाइ-वे के नीचे वाले खाली स्थान पर होगी। पश्चिमी छोर पर फूड जोन होगा। इसके पीछे झूले लगेंगे। एक महीने तक लगने वाले इस प्रसिद्ध नवग्रह के नाम से इस मेले में बड़े स्तर पर बैल बाजार लगता है और 1 लाख रुपए से लेकर 1 लाख 50 हजार तक की बैल जोड़ियां बिकती हैं, अन्य राज्यों से भी लोग बैल खरीदने आते हैं।

# लड़की के छोटे भाई से समुदाय विशेष के युवक ने मांगा फोन नंबर, ग्रामीणों ने कर दी पिटाई, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

क्षेत्र के ग्राम शिवना में एक समुदाय विशेष के युवक द्वारा एक लड़की का फोन नंबर उसके छोटे भाई से मांगने के मामले में उसकी सामूहिक पिटाई के बाद वहां पुलिस बल तैनात किया है। शुक्रवार को वहां साप्ताहिक हाट भी शांतिपूर्ण ढंग से लगा और ग्रामीणों ने सामान्य रूप से दिनभर खरीदारी की। कहीं कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हुई है।

घटनाक्रम के अनुसार आरोपी युवक ने एक लड़की के छोटे भाई से जब उसकी बहन का फोन नंबर मांगा तो उसने यह घटना घर जाकर बता दी थी। जब गांव के चौराहे पर बैठे युवक से उसके परिजनों ने पूछताछ की तो उसने सही जवाब न देकर घटना से इनकार किया। तब लड़की को बुलाकर पूछा गया तो उसने उक्त युवक द्वारा झूठ बोलने की बात कही। तब आक्रोशित ग्रामीणों ने उसकी सामूहिक रूप से पिटाई कर दी। यह घटनाक्रम शाम 7 बजे के आसपास का है। सूचना मिलते ही थाना और खरगोन से पुलिस बल




तत्काल घटना स्थल पहुंच गया। जब पुलिस युवक को अपने साथ ले जाने के लिए उद्धत हुई तो पुनः ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। पुलिस ने बीच बचाव कर आरोपी को थाने लेकर आ गए। बीट प्रभारी सहायक उप निरीक्षक करणसिंह जोधा ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

प्रतिनिधि वहां करीब 3 घंटे तक रुक कर स्थिति का जायजा लिया। वहां साप्ताहिक घाट में ग्रामीण जन आम दिनों की तरह खरीदारी कर रहे थे और लोगों की आवाजाही बनी हुई थी। वहां के प्रबुद्ध नागरिकों में सौदान सिंह चौहान, मुख्तियार कुरैशी, राजेश गंगराड़े ने बताया कि यहां सभी समुदाय के लोग आपस में सदैव की भांति मिलजुल रहे हैं। यहां शांति बनी हुई है कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं है। उनका कहना था कि आरोपित युवक का समुदाय विशेष के लोगों ने सहयोग अथवा समर्थन नहीं किया। उनका यह भी कहना था की दोषी कोई भी हो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए। कुरैशी ने बताया कि यह घटना आरोपी युवक तक ही सीमित है और पूरे समुदाय को इससे कोई लेना-देना नहीं है। इन हालातों में स्थिति को नियंत्रित करने में पुलिस को अधिक मशक्कत नहीं करना पड़ी है।

नायब तहसीलदार राजू जमरा और थाना प्रभारी गणपत सिंह कनेल ने शुक्रवार को वहां पहुंचकर सभी समुदाय के लोगों से चर्चा कर शांति बनाए रखने के लिए अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि कोई भी विवाद बढ़ाने के पक्ष में नहीं है। कल रात से ही वहां खरगोन से पुलिस बल बुलाकर तैनात किया गया है और गांव में शांति बनी हुई है।

## विशेषज्ञों के अनुसार दो दिन बाद बढ़ेगी ठंडक

# कोहरे की आगोश में रहा शहर मावठ गिरने से सड़कें तरबतर



**खंडवा।** खंडवा में शुक्रवार को सुबह से ठंडी हवा का नेचर रहा, 10 बजे तक कोहरा छाया रहा, वहीं दोपहर तक रास्ते कम नजर आ रहे थे। लेकिन दोपहर बाद मौसम में अचानक बदलाव हुआ और तेज बारिश हुई । 5 मिनट के लिए गिरे मावठे ने सड़कों को तरबतर कर दिया। मौसम को देखते हुए लोग बाजार जाने के लिए अपने कदम रोक दिए। इस बीच मार्केट में व्यापार थोड़ी देर के लिए थम सा गया था। इस प्रकार का मौसम तकरीबन शाम 5 बजे तक बना रहा। 5 बजे के बाद ही आमजन अपनी जरूरत का सामान के लिए बाजार की ओर बड़ने लगा। कोहरे की चादर ओढ़े मौसम का असर शुक्रवार के दिन दिखाई दिया। बुद्धिजीवी अनुसार दो दिन बाद रविवार से मौसम में तेज ठंड का एहसास भी हो सकता है।

# घने कोहरे व ओस की बूंदों से फसलों में होने लगा नुकसान, फसलों में पीलापन

## बार-बार मौसम में बदलाव से जनजीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

इन दिनों मौसम में हुए बदलाव ने जन जीवन को तो प्रभावित कर रही दिया है। साथ ही फसलों में भी नुकसान शुरू होने लगा है। क्षेत्र में घना कोहरा छाने, अधिक ओस गिरने से मौसम में ठंडापन बढ़ गया है। कोहरे से गिरने वाली बूंदों और ठंड के असर से अब रबी सीजन की फसलों को लेकर किसानों में चिंता होने लगी है। प्याज की फसल में बीमारी का अटैक है और फसलों में पीलापन आना शुरू हो गय

। है। कसरावद तहसील के ग्राम बड़गांव सहित जिले में आसपास के क्षेत्र में किसानों ने प्याज की फैसल बड़ी संख्या में लगाई है। किसानों का कहना है कि प्याज व क फसल में ठंड का बुरा असर पड़ रहा है। काली



मस्सी लगने से फसलों में पीला रोग होने लगा है। वहीं अब ठंड व कोहरे का प्रभाव अन्य गेंहू चना और खेतों में खड़ी मिर्च फसलों पर भी दिखने लगा है। फसलों को लेकर बीमारियों से बचने के लिए किसान प्रयास कर रहे हैं। इसी बीच अब फसलों में रोग का खतरा भी बढ़ गया है।किसान धर्मेंद्र मेवाड़े ने बताया कि प्याज की फसल में बीमारी का अटैक दिख रहा है। इसकी रोकथाम के लिए अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं।उन्होंने बताया कि लगातार घने कोहरे व कोहरे के साथ अधिक ओस गिरने से प्याज और लहसुन में काली मस्सी का अटैक होता है और फिर फसलों में पीलापन आ जाता है।

## खंडवा के पटाजन स्कूल का मामला

# 12वीं का छात्र निकला बम धमाके की चिट्ठी लिखने वाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

बम से स्कूल उड़ा देने की धमकी देने वाला खालवा के पटाजन स्कूल का मामला निकला। बता दें की 12वीं का छात्र मानसिक रूप से कमजोर बताया जा रहा है। खंडवा जिले के सरकारी स्कूल में एक सप्ताह पहले बम धमाके की धमकी की चिट्ठी मिलने के मामले में खुलासा हुआ है। प्राचार्य को चिट्ठी लिखने वाला कोई आतंकी नहीं बल्कि स्कूल का ही छात्र था। स्कूली छात्र पर पहले से ही संदेह था लेकिन मामला हाईप्रोफाइल बना तो पुलिस ने जांच की और खुलासा किया। खालवा ब्लॉक के पटाजन के हायर सेकंडरी स्कूल में बम धमाके की धमकी भरी चिट्ठी 28 दिसंबर 2023 को छोड़ी गई थी। चिट्ठी छोड़ने वाला कोई आतंकी नहीं बल्कि 12वीं का छात्र निकला। पुलिस ने बताया कि छात्र




स्कूल का ही है। बताया जा रहा है कि वह कुंठा का शिकार है। उसके परिजन खुद उसकी हरकतों से परेशान रहते हैं। वह आए दिन अजीब हरकतें करता रहता है। हालांकि, चिट्ठी डालने का मकसद सिर्फ शरारत थी। छात्र मानसिक रूप से स्वस्थ्य नहीं है।

# डॉ. पाटिल ने किया देशगांव की आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण



**खंडवा।** महिला एवं बाल विकास मध्यप्रदेश भोपाल के सहायक संचालक डॉ. राजेश पाटिल ने शुक्रवार को देशगांव की आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने स्टॉफ को निर्देशित किया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें एवं स्थानीय मोटा अनाज जिसे अन्न के नाम से जाना जाता है, जिसमें ज्वार एवं बाजरा आदि शामिल है को भोजन में शामिल करने हेतु समुदाय को प्रोत्साहित करें। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों को शतप्रतिशत लाभांवित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, गर्भवती, धात्री महिलायें, बच्चे एवं सैक्टर पर्यवेक्षक उर्मिला चौहान तथा परियोजना अधिकारी नंदराम चौहान उपस्थित थे।

### संगीत समागम का आयोजन 7 को

**हरदा।** ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के छीपानेर रोड स्थित ओम शांति भवन सेवाकेंद्र पर 7 जनवरी को सुरों की महफिल सजेगी। संगीत समागम में विश्व प्रसिद्ध गीतकार हरीश मोयल अपने सुरों का जादू बिखेरेंगे। वहीं माउंट आबू से पधार रहे गायक बीके भानू ने स्वरों से आध्यात्मिक की महफिल सजाएंगे। विधायक आरके दोगने मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। बीके राजेश भाई ने बताया कि सुबह 9 बजे से सकारात्मक परिवर्तन लाने में संगीत की भूमिका विषय पर पहले कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद संगीत समागम का आयोजन होगा।

## शहर में जगह-जगह जलने लगे अलाव, कोहरे ने बढ़ाई ठंडक

# बेमौसम बारिश की वजह से कड़ाके की ठंड का कहर जारी



**हरदा।** जिले में बेमौसम हुई बारिश की वजह से कड़ाके की ठंड का कहर जारी है। शुक्रवार सुबह से तेज सर्द हवा चलती रहीं। जिसके कारण लोगों की कंपकंपी छूटती रही। दिन के दस बजे तक कोहरे का असर रहा पूरे जिले में देखने को मिल रहा है। कोहरे के कारण हाईवे पर वाहनों की रफ्तार सुस्त पड़ गई। कड़ाके की ठंड से बचने के लिए लोगों ने दिन में ही अलाव जला लिया। दुकानों के सामने दुकानदार तथा काम करने वाले मजदूरों ने सड़क किनारे लकड़ी जलाकर उसके पास बैठ कर गरमाहट लेते रहे। वैसे तो गुरुवार की शाम से ही ठंड का असर बढ़ गया था। शाम ढलने के साथ ही ठंड का असर बढ़ने लगा। वहीं रात में बारिश होने तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई। रात के आठ बजे के बाद ओस की बूंदे बारिश की तरह गिरती नजर आईं। रात बढ़ने के साथ ही ठंड बढ़ती गई और आधी रात में हुई बारिश के बाद तापमान लगातार कम हो गया। शुक्रवार सुबह जिले का तापमान 21 से 24 डिग्री के बीच बना हुआ है। सुबह से ही कोहरा रहने एवं धूप नही निकलने से ठंडक बढ़ गई है। इस दौरान सर्द हवा के कारण दिन में ही लोगों की कंपकंपी छूटती रही। लोग ठंड से राहत पाने अलाव का सहारा लेते नजर आ रहे हैं।

### इल्लियों का प्रकोप बढ़ा

मावड़े की बारिश से जहां गेहूं की फसल को फायदा होगा। वहीं दूसरी ओर चने की फसल पर विपरीत असर पड़ सकता है। चने की फसल फूल पर आ गई है। बारिश होने से पौधे से फूल झड़ने से उत्पादन प्रभावित हो सकता है। गौरतलब रहे कि जिले में कृषि विभाग की टीम को निरीक्षण के दौरान कहीं कहीं चने की फसल पर उकठा रोग दिखाई दिया था। जिससे बचने के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को फफूंद नाशक दवाओं का छिड़काव करने की सलाह दी गई थी।

